तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 आंगनबाड़ी में बच्चों ने सुनाई एबीसीडी, कलेक्टर ने ताली बजाकर बढ़ाया हौसला



INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद- ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

## गर्मी बढ़ते ही आग लगने का सिलसिला हुआ शुरू

# सागौन बाड़ी से उठी थी लपटें, मेडिकल कॉलेज के पीछे रखी आधा दर्जन कंडम एंबुलेंस खाक



इस तरह एंबुलेंस में लगी थी आग।,



दमकल कर्मियों के द्वारा आग पर काबू करते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज के ठीक पीछे स्थित वन विभाग के सागौन बाड़ी में एक चिंगारी के लगते ही धूंआ उठने लगा और यह आग की लपटे धीरे-धीरे मेडिकल कॉलेज की बाउंड्रीवॉल को पार करते हुए मेडिकल कॉलेज के पीछे तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि मेडिकल कॉलेज के ठीक पीछे रखे लगभग आधा दर्जन एंबुलेंस जो कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी जो पूरी तरह से आग की जद में आ गई और आधा दर्जन गाड़ी स्वाहा हो गया। जिससे जिला अस्पताल प्रबंधन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### खास बात

- घंटों मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

### गाड़ियों में होने लगा था विस्फोट

मेडिकल कॉलेज की झाड़ियां में आग लगने की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज के डीन केके सहारे, मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंड मेडिकल सुपरीटेंडेंट रविकांत जाटवर, एमएस गोपाल कंवर तत्काल मौके पर पहुंच गए थे और वह अपनी टीम के साथ आग बुझाने के प्रयास भी लगे हुए थे लेकिन इस बीच आग के लगते ही वर्षों पुरानी कंडम गाड़ियां जलने लगी। आग इतनी तेज थी की गाड़ियों में जोर-जोर से विस्फोट होने लगा था। जिसके बाद खतरे के अंदेशा को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी आग से दूर चले गये।

उल्लेखनीय की मार्च का महीना शुरू होते ही पारा लगातार चढ़ना शुरू हो चुका है और पारा चढ़ते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। चारों तरफ आग ही आग नजर आ रही है तो वहीं अब आग की लपटे शहर के करीब तक पहुंचना शुरू हो चुकी है। बताया जाता है कि मेडिकल कॉलेज से लगा हुआ सागौन बाड़ी में सोमवार की सुबह लगभग 1 बजे चिंगारी की लव उठी थी या चिंगारी धीरे-धीरे पूरे सागौन बाड़ी में फैल गई और और आग ने विकराल रूप ले लिया। यह आग धीरे-धीरे मेडिकल कॉलेज की दीवार को पार करते हुए मेडिकल कॉलेज के ठीक पीछे झाड़ियां में आग लग गई। झाड़ियों में आग लगते ही झाड़ियों में रखे लगभग आधा दर्जन कंडम वाहनों आग लग गई और देखते-देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि सभी आधा दर्जन वाहनों में आग लग गई। जब तक मेडिकल हॉस्पिटल की टीम द्वारा कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने तक आग विकराल रुप धारण कर लिया था। आकाश के चारों तरफ तेज धुंआ उठने लगी। अस्पताल प्रबंधन की टीम द्वारा आग बुझाने की हर संभव प्रयास किया गया। लगभग आधे घंटे के भीतर आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि सभी आधा दर्जन पुरानी एंबुलेंस जिसमें सूमो वाहन भी शामिल जो कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी वह धूं धूं कर जलने लगी थी। आगजनी की सूचना मिलते ही बालको से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### शार्ट सर्किट से बोलेरो में लगी आग स्वाहा

अग्रसेन चौक ओवरब्रिज पर सोमवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बोलेरो वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते वाहन आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और जब तक आग पर काबू किया जाता तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। इंजन में शार्ट सर्किट की वजह से इंजन में आग लगना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जमनीपाली निवासी गुजन चौहान अपनी बोलेरो न्यू क्रमांक सीजी 11 बीआर 8001 को सोमवार दोपहर करीब 3 बजे सीतामणी से एसईसीएल के जीएम ऑफिस की ओर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अग्रसेन चौक ओवरब्रिज से गुजर रहा था, अचानक गाड़ी बंद हो गई और वाहन की सभी विंडो लॉक हो गईं। कुछ ही क्षणों में वाहन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। चालक ने बड़ी मुश्किल से किसी तरह गाड़ी का दरवाजा खोलकर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही पलों में आग इतनी तेजी से फैल गई कि पूरी बोलेरो धूं-धूं कर जल गई। आगजनी की सूचना पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। वहीं दमकल विभाग को भी तत्काल सूचना दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। इस आगजनी की घटना से गाड़ी मालिक को आर्थिक नुकसान हुआ है।



# एलपीजी गैस सिलेण्डर के दाम को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलु और व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेण्डरों के दामों में की गई वृद्धि के खिलाफ एवं भाजपा नेता के द्वारा अफीम खेती के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में टीपी नगर चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी के साथ कैंडल मार्च निकाला और भाजपा पार्टी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन स्थल पर संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि घरेलु एलपीजी सिलेण्डर में 60 रूपये की वृद्धि और कमर्शिलय सिलेण्डार में 115 रूपये की बढ़ोत्तरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इस वृद्धि से सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर असर पड़ेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने गैस सिलेण्डर के बढ़े हुए दामों के लिए मोदी सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बेकाबु होती जा रही है। ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि एक तरफ हिंदुस्तान की आम जनता बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर है वहीं दूसरी तरफ खाद्य सामग्री, ईंधन, गैस सिलेण्डर के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से आर्थिक समस्या उत्पन्न होती जा रही है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि घरेलु गैस सिलेण्डर के दामों में एक साथ 60 रूपये की वृद्धि से भारत भर के सभी घरों के रसोई का जायका फीका पड़ गया है। वहीं रेस्टोरेंट होटलों में नास्ता, भोजन के दामों में असर दिखेगा। जमनीपाली दर्री ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम उगाने वाले भाजपा नेता विनायक ताम्रकार गांव में लगभग 300 एकड़ में खेती करते हैं जिसमें से लगभग 150 एकड़ भूमि सरकारी है। श्री तिवारी ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग किया है।

कार्यक्रम को महिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) प्रभासिंह तंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, पीसीसी सचिव विकास सिह, बांकीमांगरा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष मधुसुदन, संतोष कुमार देवांगन, पार्षद रवि चंदेल, सनीष कुमार, रोपा तिर्की, मस्तुल कंवर, अविनाश बंजारे, जवाहर निर्मलकर, गिरधारी बरेठ, मनहरण राठौर आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मरीजों को दी जाएगी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा

**कोरबा।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में आम नागरिकों को समय पर एवं सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में रक्त सेवा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। जिले में 1 शासकीय ब्लड सेंटर तथा 4 निजी ब्लड सेंटर-बिलासा ब्लड सेंटर घंटाघर कोरबा, संवेदना ब्लड सेंटर कोसाबाड़ी, बालाजी ब्लड सेंटर एनकेएच हॉस्पिटल परिसर कोरबा और कटघोरा ब्लड सेंटर कटघोरा संचालित हैं। शासकीय ब्लड सेंटर में संपूर्ण रक्त के लिए 1100 रुपये एवं निजी ब्लड सेंटरों में 1550 रुपये प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित है, जो रक्त की जांच एवं उसकी प्रोसेसिंग हेतु लिया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले मरीजों, सिकलसेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों को शासकीय प्रावधानों के अनुसार निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कमजोर वर्गों को विशेष राहत मिल रही है। शासकीय ब्लड सेंटर तथा तीन निजी ब्लड सेंटर्स में ब्लड कंपोनेंट (रक्त अवयव पृथक्करण) सुविधा उपलब्ध है। इससे मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त एवं रक्त अवयव प्राप्त हो रहे हैं। ब्लड कंपोनेंट सुविधा प्रारंभ होने से एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग घटक रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स-तैयार होते हैं, जो तीन मरीजों के उपचार में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

### मैत्री व्हाट्सएप/मोबाइल नंबर से महिलाओं को मिल रहा लाभ

**कोरबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। कई बार उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़िताएँ लोक-लज्जा एवं झिझक के कारण थाना या चौकी जाकर शिकायत करने में संकोच करती हैं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस कोरबा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना थाना पहुँचे ही तत्काल सहायता प्रदान करने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सजग कोरबा-सतर्क कोरबा अभियान के तहत मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन 9479282100 प्रारंभ की है। मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन जारी होने से महिलाओं को काफी सुविधा मिल रही है वे मोबाइल नंबर के माध्यम से उत्पीड़न, छेड़छाड़, धमकी या किसी भी प्रकार की त्रासदी की शिकायत सीधे दर्ज करा रहीं है। प्रत्येक शिकायत से संबंधित शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर एवं ऐसी कोई भी जानकारी, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हो, पूरी तरह गोपनीय रखी जा रही है।

### हनुमंत कथा के आयोजन की तैयारियां शुरू

**कोरबा।** ग्राम ढप-ढप बांकीमोगरा रोड कटघोरा में भव्य 28 मार्च को दिव्य श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन कथा का वाचन बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर परम पूज्य पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से होगा। कार्यक्रम संयोजक अमरजीत सिंह व कार्यक्रम सचिव डॉ पवन सिंह एवं समिति के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर कथा की तैयारियों का शुभारंभ कर दिया गया है। कथा स्थल पर पंडाल, मंच एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू हो चुकी है।

# अतिक्रमण हटते ही बुधवारी बाजार की बदली तस्वीर, बनी वाहन पार्किंग की जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बुधवारी बाजार से हटाए गए अतिक्रमण के बाद खाली हुई जगह।

बुधवारी बाजार में बाउंड्रीवाल का निर्माण होते ही सड़क के किनारे लगने वाले फल ठेलों को हटाकर अंदर शिफ्ट किया गया था। सड़क के चौड़े होते ही बाउंड्रीवाल के किनारे फिर से ठेले गुमटियां लगने लगे थे। निगम के द्वारा रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले गुमटियों को हटा दिया था। उसके बाद बुधवारी क्षेत्र के आसपास की सड़कें चौड़ी होने के साथ बुधवारी क्षेत्र की बदली हुई तस्वीर नजर आने लगी है।

### खास बातें

- नगर निगम ने की थी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई
- बाउंड्रीवाल बनते ही लगनेलगे थे ठेले गुमटियां

शहर के बीचोंबीच लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब धीरे धीरे डेली मार्केट के रुप में बदलने लगा है। मुख्य मार्केट होने के कारण प्रतिदिन सड़कों के किनारे ठेले गुमटियां और अन्य दुकानों के लगने से बुधवारी बाजार तिराहे से घंटाघर और आईटीआई चौक की ओर जाने वाली सड़कें सकरी हो गई थी। लंबे जद्दोजहद के बाद नगर निगम प्रशासन ने सड़कों के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने से समय समय पर कार्यवाही करता रहा और इस कार्यवाही का परिणाम यह निकला कि आज बुधवारी बाजार की स्थिति बदली हुई नजर आ रही है। बुधवार के दिन बाजार लगने के कारण भीड़ होने से बड़ी गाड़ियों का आवागमन मुश्किल हो जाता था जबकि वाहन पार्किंग के लिए दुकानों के पीछे खाली पड़ी जगह पर पार्किंग स्थल भी बनाया गया है। उसके बावजूद सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने से चौड़ी सड़कें भी सकरी हो जाती थी। पिछले कुछ दिनों से ठेले गुमटियों को हटाने जैसी कार्यवाही होने के कारण बुधवारी परिसर की तस्वीर कुछ हद तक बदल चुकी है।

### और भी चौक हैं जहां है अतिक्रमण

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में और भी ऐसे चौक चौराहे हैं जहां ठेले गुमटियों का कब्जा बना हुआ है। इनमें बालको परसाभांठा चौक में लगने वाले ठेले गुमटियां आम राहगीरों के आवागमन में रुकावट पैदा कर रहे हैं। चौक से ही बालको संयंत्र आने वाले भारी वाहन भी गुजरते हैं। चौक में लगी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा अतिक्रमणकारियों की चपेट में आने की वजह से दूर से नजर भी नहीं आती।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपने गांव की सड़क पर टहल रहे 20 वर्षीय युवक अरदीप राठिया पिता ललीत राठिया को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे उसे गंभीर चोट लगी। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान अरदीप की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा निवासी ललित राठिया का 20 वर्षीय पुत्र अरदीप राठिया रविवार की शाम अपने गांव की सड़क पर टहल रहा था कि इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने अरदीप को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अरदीप को उपचार के लिए परिजनों ने मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे दिन भी चला रेस्क्यू लापता युवक का नहीं चला पता

**कोरबा।** दर्री थानांतर्गत जय भगवान गली में नौशाद अली अंसारी 22 वर्ष निवास करता था। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत था। कंपनी से रविवार अवकाश होने के कारण नौशाद अपने तीन दोस्त के साथ घूमने फिरने और नहाने के लिए दर्री बराज गया था। वे सभी कलमीडुग्गु के समीप दर्री बरॉज पर बने घाट पहुंचे, जहां थोड़ी देर तक सभी दोस्त हंसी ठिठोली करते रहे। इसके बाद नहाने की तैयारी करने लगे। इस बीच नौशाद ने पानी में छलांग लगा दी। वह नहाते समय गहरे पानी में चला गया, जहां पानी का बहाव तेज होने के कारण डूब गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू टीम के साथ लापता युवक की तलाश की गई लेकिन नौशद का कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह से ही रेस्क्यू टीम नौशाद की तलाश में जुटी रही लेकिन अब तक नौशाद का कहीं कुछ पता नहीं पाया है। पुलिस लगातार युवक की तलाश में जुटी हुई है।



## खबर संक्षेप



### सूने मकान से 3 लाख का माल ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** जमीन दलाल के सूने मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर 3 लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा निवासी सरोज कुमार साहू पिता श्याम लाल साहू जमीन दलाली करते हैं। 2 मार्च की शाम 6.30 बजे होली त्यौहार मनाने के लिए अपने परिवार के साथ घर के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम लखनपुर कोरबा चले गए थे। 6 मार्च की रात 8 बजे घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। आलमारी से सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने का लाकेट, एक जोड़ी पायल, एलईडी, स्मार्ट वाच, घड़ी, 22 हजार रुपए नकद रकम सहित 3 लाख का सामान चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना करने के बाद उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### खड़ी कार को आटो ने मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** घर के पास खड़ी कांग्रेस नेता की कार को आटो चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सीपत जुहली निवासी पार्थकिशन पोर्ते ने रिपोर्ट लिखाई। वह कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास की कार क्रमांक सीजी 10 बीजेड, 0041 को चलाता है। 19 फरवरी की शाम 7.30 बजे कार श्रीवास मोहल्ला गोपी श्रीवास के घर के सामने में खड़ी थी। वे मोहल्ले के युवकों के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आटो क्रमांक सीजी 10 एएल,2096 के चालक दिलीप गुप्ता ने तेज गति से चलाते हुए कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घर में शादी का कार्यक्रम चलने के कारण 9 मार्च को रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर आटो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध बिजली कनेक्शन से महिला की मौत

**बिलासपुर।** अवैध बिजली कनेक्शन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में जांच के बाद पुलिस ने किसान के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर 2025 को दवनडीह निवासी सूरज बाई साहू पति स्व. मनहरण साहू 65 साल गाय के लिए चारा लेने खेत की ओर जा रही थी। वह गांव के पटेल मोहल्ला के पास पुल के नीचे रास्ते से गुजर रही थी। उस दौरान जमीन में गिरे बिजली तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। जांच में पाया गया संजू चंद्राकर ने ट्रांसफार्मर से अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन लिया था। उसी तार की चपेट में आने से सूरज बाई साहू की मौत हुई थी। पुलिस ने संजू चंद्राकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**डेढ़ लाख रुपए तक का होगा कैशलेस इलाज** पीएम राहत योजना के अंतर्गत मिलेगी सुविधा

# सड़क दुर्घटना के घायलों को मिलेगा इलाज, स्वास्थ्य विभाग ने 37 अस्पतालों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कैशलेस इलाज की सुविधा दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के 37 निजी व सरकारी अस्पतालों की सूची जारी कर दी है। इन अस्पतालों में घायलों को निशुल्क इलाज मिलेगी। खास बात यह है कि पीएम राहत योजना के तहत 7 दिनों तक 1 लाख रूपए का इलाज मिलेगा।

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को जल्द ही निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल सकेगा। पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती अवधि के दौरान अधिकतम 7 दिनों तक या 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार मिलेगी। इसके लिए दुर्घटना स्थल के संबंधित थाने से अनुबंधित अस्पतालों में भर्ती किया जाएगा। प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अस्पतालों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले के सरकारी एवं निजी कुल 37 अस्पतालों को पंजीकृत किया गया है। जहां दुर्घटना घायल को तत्काल उपचार की सुविधा मिलेगी। सरकारी अस्पताल में सीएचसी तखतपुर, सीएचसी बिल्हा, सीएचसी मस्तूरी, सीएचसी कोटा, सिम्स बिलासपुर तथा जिला अस्पताल बिलासपुर शामिल हैं।



### 37 अस्पतालों की सूची जारी की गई है

सड़क दुर्घटना में तत्काल राहत के लिए योजना की शुरूआत की गई है जिससे घायलों को जीवन रक्षा संबंधी इलाज तुरंत मिल सकेगा। फिलहाल 37 अस्पतालों की सूची जारी की गई है। हमारा प्रयास है कि जल्द ही इनकी संख्या में इजाफा होगा।

-**शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### इन निजी अस्पताल मे मिलेगी सुविधा

जिले व शहर के निजी अस्पतालों को भी इस सुविधा में जोड़ा गया है। जिसमें आरबी अस्पताल, अंकुर ट्रॉमा केयर नर्सिंग होम, आरोग्य हॉस्पिटल, अरपा मेडिसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बर्न ट्रॉमा रिसर्च सेंटर, केयर एन क्योर मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, गजानन स्मृति चिकित्सालय, जन स्वास्थ्य सहयोग, खंडूजा ऑर्थोकेयर एक्सीडेंट हॉस्पिटल, लाल चंदानी हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल, मेडिबोन हॉस्पिटल, मूंदड़ा हॉस्पिटल, न्यू जनता हॉस्पिटल, न्यू वंदना हॉस्पिटल, नोबल हॉस्पिटल, प्रभा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, रामकृष्ण हॉस्पिटल, संजीवनी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, शिवांगी हॉस्पिटल, श्री मंगला हॉस्पिटल, श्री श्याम मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, श्रीराम केयर हॉस्पिटल, श्री शाह न्यूरो हॉस्पिटल, साइंसेज रिसर्च सेंटर, सुखम आरोग्यालय, यूनिटी हॉस्पिटल तथा यूनिटी स्माइल ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल शामिल हैं।

## 27 हजार वाहन चालकों पर किया गया 1 करोड़ 14 लाख जुर्माना





यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए आईटीएमएस ने 27 हजार 824 वाहन चालकों पर चालान कर मामले को कोर्ट में पेश किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक एवं एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से सघन कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रहा है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर सार्वजनिक आवागमन को बाधित करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा आईटीएमएस के माध्यम से आन लाइन चालान की जा रही है। पिछले 2 वर्ष एवं जनवरी से वर्तमान तक आईटीएमएस द्वारा कुल चालान 27 हजार 824 जिसमे कुल समन शुल्क 1 करोड़ 14 लाख 16 हजार 300 रुपए अधिरोपित किया गया है। एसएसपी ने बताया कि खतनाक तरीके से गाड़ी खड़ी करने एवं नो पार्किंग पर गाड़ी खड़ी करने जैसे लापरवाही पर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट विभिन्न धाराओं के तहत संघन एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। विभिन्न धाराओं के तहत लगातार अभियान चलाकर शहर को विभिन्न सेक्टर में विभाजित करते हुए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है वहीं जो भी वाहन सार्वजनिक आवागमन के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर रहे है उन्हें तत्काल कार एवं बाइक लिफ्टर से लिफ्ट करके थाना लाया जा रहा है। प्रकरण न्यायालय भी भेजी जा रही है।

## खस्ताहाल वाहन में शव ले जाने की मजबूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दी गई शव वाहन खस्ताहाल हालत में सड़कों पर दौड़ रही है, इन कंडम वाहनों के जरिए ही शव अस्पताल से ले जाए जा रहे हैं। इस दौरान परिजनों के खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

राज्य शासन द्वारा जिले में मुहय्या कराई गई 1099 मुक्तांजली वाहनों की हालत बेहद खराब है। इन वाहनों के बॉडी पूरी तरह से जंग लग चुके है। हालत यह है कि वाहनों में शव रखने से पहले परिजन 10 बार सोच में पड़ जाते है। दरअसल वाहन के दरवाजे क्षतिग्रस्त हो चुके है और इन दरवाजों को बंद करने के लिए गमछे और रस्सी का उपयोग किया जा रहा है। शासन ने इन वाहनों की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है लेकिन वाहनों के मेंटनेंस का जिम्मा किसी भी विभाग को नहीं दिया गया है, जिसके चलते वाहनों की हालत बदतर हो चुकी है।

## काउंटर से टिकिट लेकर 100 से 200 रुपए में बेचने वाला दलाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आरक्षण कार्यालय से टिकिट बुकिंग कराने के बाद लोगों को 100 से 200 रुपए प्रति यात्री के हिसाब से देकर दलाली करने वाले टिकिट दलाल को आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने दलाल के पास से तत्काल कोटा सहित साधारण टिकिट जब्त कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

होली पर्व खत्म होने के बाद लोगों की अपने-अपने स्टेशनों में वापसी होनी शुरु हो गई है। इसके कारण ट्रेनों में भीड़ की वजह से कई यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है, जिसका फायदा टिकिट दलालों को हो रहा है। टिकिट दलाली रोकने के लिए आरपीएफ की टीम लगातार रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करती है, जिसके बाद भी दलाली की प्रथा को रेल प्रशासन रोकने में नाकाम साबित हो रही है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के साथ अब टिकिट दलाल आरक्षण कार्यालय से टिकिट की बुकिंग कर उसे बेचने का काम कर रहे हैं। इसी तरह रेलवे टिकिट की अवैध दलाली करने वालों के खिलाफ सूचना आरपीएफ को मिली थी। आरपीएफ ने सूचना मिलने के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित रेलवे रिजर्वेशन कार्यालय के सामने गुप्त निगरानी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को



काउंटर से बाहर आते हुए पकड़ा। उक्त व्यक्ति बसंतपुर जांजगीर निवासी जयकिशन यादव पिता महावीर यादव 30 साल के पास तत्काल कोटे की स्लीपर टिकिट के साथ दूसरी टिकिट रखी मिली। पूछताछ में जानकारी मिली कि जयकिशन बेरोजगार है और अपने पाकेट खर्च के लिए मोबाइल में बनाए गए आईआरसीटीसी पर्सनल आईडी का उपयोग करता है। इसके साथ ही कभी-कभी रेलवे काउंटर से टिकिट बनवाकर यात्रियों को बेचकर 100 से 200 रुपए प्रति यात्री कमीशन लेता है। आरपीएफ ने टिकिट दलाल जयकिशन यादव के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत कार्रवाई करने के साथ फ्यूचर टिकिट, पास्ट टिकिट सहित 13 टिकिट जब्त किया है।

# 9 दिन में 4 लाख किसानों ने निकाला 112 करोड़, सहकारी बैंकों में रोजाना लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार ने बिलासपुर सहकारी बैंक के अंतर्गत आने वाले 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों के खाते में होली से पहले 1984 करोड़ रुपए की राशि भेजी थी। होली त्योहार के पहले से लेकर इस राशि को निकालने बैंक में रोजाना सैकड़ों किसान पहुंच रहे हैं।

- होली से पहले 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों के खाते में 1984 करोड़ भेजे गए थे

सुबह से लेकर देर शाम तक राशि निकासी की लिमिट होने के कारण आधे ही किसानों को पैसा मिल पा रहा है। हालांकि बैंक प्रबंधन का कहना है कि किसानों को परेशानी ना हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। ध्यान रहे कि इसमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल है जिनके खाते में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। जिला



मुख्यालय स्थित सहकारी बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक राशि वितरण के पहले दिन से लेकर अभी तक बिलासपुर में ही 200 करोड़ रुपए से अधिक का आहरण किया जा चुका है। 7 जिलों के 5 लाख से अधिक किसानों की बात करें तो आंकड़ा 112 करोड़ के पार है। रोजाना सुबह से लेकर शाम तक किसानों द्वारा विड्रॉल फॉर्म जमा किया जा रहा है। होली के पहले तो राशि निकालने के लिए काफी भीड़ रही और कई किसानों को वापस लौटना पड़ा। इसके बाद सहकारी बैंक प्रबंधन ने काउंटर बढ़ाए।

### डिमांड दो लाख की भुगतान 40 हजार

हालांकि किसानों का कहना है कि दो लाख रुपए तक का डिमांड फॉर्म भरने के बावजूद 40 हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। एटीएम मशीनों से भी एक बार में केवल 1000 से 1500 रुपए की निकासी हो पा रही है। कई एटीएम कैश खत्म होने से बंद पड़े हैं। कई किसानों ने बताया कि वे सुबह 9 बजे से बैंक में डटे रहे, लेकिन होली से पहले राशि नहीं मिल सकी। अब हालांकि कुछ स्थिति सामान्य हुई है। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने होली से तीन दिन पहले समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किया है।

### इन जिलों से भी राशि का आहरण

ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले के साथ ही सहकारी बैंक के अंतर्गत मुंगेली, जांजगीर-चांपा और कोरबा जिला भी आता है। अब तक इन जिलों को मिलाकर 111 करोड़, 87 लाख 59 हजार रुपए से भी ज्यादा विड्राल किए जा चुके हैं। इसमें मुंगेली जिले में 27 करोड़ 19 लाख, जांजगीर-चांपा में 32 करोड़ 70 लाख तो कोरबा में 6 करोड़ 71 लाख रुपए से ज्यादा बैंकों से निकाले जा चुके हैं।

## फूड पाइजनिंग के मरीजों को मिली छुट्टी



**बिलासपुर।** मस्तूरी क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में रविवार को फूड पाइजनिंग के शिकार मरीजों को अब अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। सोमवार को सीएमएचओ ने क्षेत्र का दौरा किया और मरीजों की स्थिति का जायजा लिया, इस दौरान जिन मरीजों को राहत मिली उसे सुबह ही डिस्चार्ज कर दिया गया था, लेकिन 16 मरीजों को भी शाम तक डिस्चार्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार शादी समारोह में बचा हुआ भोजन खाने के बाद करीब 47 मरीजों की तबीयत बिगड़ गई थी। जोंधरा के समीप मुकुंदपुर गांव में हुए इस फूड पाइजनिंग के बाद मरीजों को अलग- अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया था। जिसमें 9 लोगों को पामगढ़, 12 मरीजों को निजी अस्पताल और 26 मरीजों को मस्तुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया था। रात में ही जिले की स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंच कर सभी को अस्पताल पहुंचा चुकी थी और रात में ही गांव के अन्य लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। ज्यादातर मरीजों को उल्टी और दस्त के साथ ही पेट दर्द की शिकायत रही है, लेकिन सोमवार को सभी की हालत में सुधार होने लगा और मरीजों ने स्वयं ही डिस्चार्ज की मांग की। जिसके बाद बीएमओ डॉ अनिल कुमार ने शाम तक डिस्चार्ज कर दिया है। इससे पहले दोपहर को सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने मस्तुरी सीएचसी पहुंच मरीजों की स्थिति का जायजा लिया और डाक्टरों से मुलाकात की। डा गरेवाल ने बताया कि सभी मरीज शादी का बचा हुआ भोजन करने के बाद ही बीमार हुए थे और पारवारिक सगे संबंधी ही थे।

## शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार किया और ठग लिए 9 लाख

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर एक युवक ने कोरबा की एक युवती से शहर की होटल में अनाचार किया, फिर नौकरी लगाने का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी भी कर ली। पुलिस ने युवक के खिलाफ अनाचार और धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि कोरबा की रहने वाली एक युवती की शादी डाट काम वेबसाइट से जांजगीर चांपा निवासी पवन यादव से जान पहचान हुई। दोनों आपस में बातचीत करने लगे। इसी बीच पवन यादव ने युवती को मिलने के लिए बिलासपुर तोरवा क्षेत्र के एक होटल में बुलाया। शादी करने का आश्वासन देकर युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद उसे नौकरी लगवा देने की बात कहते हुए अगल अलग किश्तों में 3 लाख 50 हजार व जेवर सहित 9 लाख रुपए ले लिया। नौकरी नहीं लगने पर युवती से युवक से मुलाकात की तो उसने पैसा लौटाने व शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेलवेकर्मी से 2 लाख 85 हजार की ठगी

तोरवा पुलिस के अनुसार, सांई भूमि निवासी विवेक शुक्ला पिता दयानंद प्रसाद रेलवे में ट्रेन मैनेजर के पद पर कंट्रोल रूम में पदस्थ है। 7 मार्च को उसके मोबाइल में ई चालान का मैसेज आया। मैसेज क्लिक करने पर ओवर स्पीड का चालान था, जिसमें किसी प्रकार का रुपए दर्ज नहीं था। बाद में उन्होंने मैसेज को बैक कर दिया। उसके बाद उनका मोबाइल हैक कर अलग अलग 4 किश्तों में 2 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### बर्तन, पूजा सामान चोरी करने वाले 3 नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धर्मशाला से बर्तन, पूजा का सामान चोरी करने वाले 3 नाबालिग सहित 4 लोगों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास आर्य धर्मशाला न्यास दयानंद सेवाधाम से चोरों ने तांबे का बर्तन, साउंड बाक्स, कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने अशोक नगर अटल आवास निवासी निखिल साहू पिता अंजू साहू 19 साल व तीन अन्य नाबालिग को पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जलसंसाधन विभाग:10 दिन में नहीं की गई एसई की पोस्टिंग

## विभाग ने जारी किया था डीपीसी में प्रमोशन, पोस्टिंग अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जलसंसाधन विभाग में एसई जीडी रामटेके के रिटायर होने के बाद पिछले 10 दिनों से नए एसई की पदस्थापना नहीं की गई है। अधिकारी नहीं होने से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है।

- 27 फरवरी को रिटायर हुए थे एसई

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को जलसंसाधन विभाग में पदस्थ अधीक्षण यंत्री जीडी रामटेके रिटायर हो गए हैं। विभागीय नियमों के अनुसार अधीक्षण यंत्री की पोस्टिंग शासन स्तर से ही की जाती है, जिसके लिए आदेश भी जारी किया जाता है, लेकिन किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं होने पर श्री रामटेके ने बिना किसी को प्रभार सौंपे कार्य से मुक्त हो चुके हैं। बताया जाता है कि अधीक्षण यंत्री श्री रामटेके ने बाबू को निर्धारित फार्म में हैंडओवर टेकन फार्म में स्वयं हस्ताक्षर कर विभाग से विदाई ले ली है, जबकि ज्यादातर मामलों में रिटायरमेंट लेने वाले अधिकारियों को प्रभार सौंपने से पहले यह फार्म भरकर प्रभार लेने वाले अधिकारियों के हस्ताक्षर के साथ दिया जाता है, जबकि इस मामले में महज श्री रामटेके हस्ताक्षर मौजूद है।

### प्रमोशन का आदेश, पोस्टिंग के लिए खींचतान

यह पहला मामला नहीं है जिसमें जलसंसाधन विभाग में पोस्टिंग को लेकर देरी की जा रही है, इससे पहले भी सीई और ईई की पोस्टिंग के लिए उच्च स्तर पर लेनदेन का आरोप लगता रहा है। 25 फरवरी को उपसचिव रवीन्द्र मेढेकर ने प्रदेश के 18 कार्यपालन अभियंता को प्रमोशन का आदेश देते हुए अधीक्षण यंत्री पर पदोन्नति दे दी है, लेकिन किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार बिलासपुर में अधीक्षण यंत्री के पद पर पोस्टिंग के लिए लेनदेन चल रहा है, जिसके चलते अधीक्षण यंत्री की कुर्सी खाली है।

### 4 अधिकारी दौड़ में

शासन स्तर पर 18 कार्यपालन अभियंत्राओं की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है, जबकि अभी भी दर्जन भर अधिकारियों के प्रमोशन लिस्ट निकलना बाकी है। सूत्रों के अनुसार बिलासपुर में पद 4 कार्यपालन अभियंता भी अधीक्षण यंत्री बनने की दौड़ में हैं।

### की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था

शासन से अभी किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है। उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

-**जेके नेताम**, सीई, जलसंसाधन विभाग

## नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी पुलिस ने नशीला इंजेक्शन की तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 8 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पल्सर बाइक से मनेश कुमार अपने दो साथियों के साथ नशीली इंजेक्शन लेकर तस्करी करने के लिए लेकर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कुसमी कोरंधा रोड पर घेराबंदी कर कुसमी निवासी मनेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद सैफ व पंकज प्रजापति को हिरासत में लेकर उनके पास नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग

**अंबिकापुर।** रायपुर, रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग जो लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा के निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। करीब 1 माह पूर्व भी जिला कांग्रेस के एक दल ने एयरपोर्ट के निदेशक से मुलाकात कर ठप पड़ी विमान सेवा को प्रारंभ करने की मांग की थी। कांग्रेस महामंत्री आलोक सिंह के नेतृत्व में दरिमा गए इस दल ने रायपुर, रांची और वाराणसी के लिये नियमित विमानसेवा पर चर्चा की। दल ने यह तर्क रखा कि ये तीनो शहर प्रशासनिक कार्य, स्वास्थ्य सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन की दृष्टि से महत्व रखते हैं। अम्बिकापुर से प्रतिदिन हजारों लोग इन शहरों की ओर जाते हैं। इन शहरों के लिए कोई सीधी द्रुतगति रेलसेवा भी उपलब्ध

- जिला कांग्रेस ने निदेशक को सौंपा ज्ञापन



नहीं है। वाराणसी और रांची के लिए भविष्य में रेलमार्ग की भी कोई संभावना नहीं है। जबकि हवाई मार्ग के माध्यम से यात्रा के लिए आधारभूत ढांचा मौजूद है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे आलोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हवाई चप्पल वालों को भी हवाई सेवा का आश्वासन दिया था। सरगुजा जिले की गरीब जनता को यकीन है कि प्रधानमंत्री का यह वादा मात्र प्रलोभन नहीं रहेगा और इसे यथार्थ में उतारा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एयरपोर्ट निदेशक ने मांगो को शीर्षस्थ अधिकारियों को प्रेषित कर इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, नीतीश चौरसिया, विकल झा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, जयपाल, रवि, उमाशंकर, नरेंद्र गुप्ता, नीलेश कश्यप, कुशल अग्रवाल, गौतम गुप्ता, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, अतुल यादव, अनमोल गोस्वामी, अभिनव काशी, लोलार सिंह, आयुष गुप्ता, सत्यम यादव, प्रियांशु जायसवाल, प्रिंस आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 22 टन सेमल लट्ठा के साथ ट्रक जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई



अम्बिकापुर। सीतापुर क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी परिवहन के मामले में कार्रवाई की है। विभाग ने ट्रक से लगभग 22 टन सेमल लकड़ी बरामद किया है और आगे की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि सीतापुर क्षेत्र में वन विभाग को सूचना मिली थी कि लकड़ी से भरा हुआ एक ट्रक विशुनपुर चौक के समीप कड़ी है जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी की गई। चौक किनारे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5275 की जांच के दौरान चालक और खलासी वाहन से कूदकर भाग निकले। इस दौरान जब वन विभाग ने ट्रक से तिरपाल हटाकर देखा तो अंदर सेमल लट्ठा लोड था। वन विभाग ने सेमल लट्ठा को वन अपराध की धारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (1), धारा 33 (1) धारा 41 एवं छग अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 के धारा 4 की उपधारा 2 के (ग) के अंतर्गत जब्त करने के साथ की जांच की। जांच के दौरान वाहन स्वामी की पहचान गुदरी बाजार रोड निवासी संजय कुमार अग्रवाल आ. जगदीश राय अग्रवाल के रूप में की गई। वन विभाग ने ट्रक से लगभग 20 से 22 टन सेमल लट्ठा व वाहन को फॉरेस्ट परिसर सीतापुर में रखा गया है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



अंबिकापुर। कुसमी पुलिस ने नशीला इजेक्शन की तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 8 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पल्सर बाइक से मनेश कुमार अपने दो साथियों के साथ नशीली इंजेक्शन लेकर तस्करी करने के लिए लेकर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कुसमी कोरंधा रोड पर घेराबंदी कर कुसमी निवासी मनेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद सैफ व पंकज प्रजापति को हिरासत में लेकर उनके पास नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की गई जान

अम्बिकापुर। गांव में घूमने निकले स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम मलसेमा निवासी दिलीप कुमार नागेश आ. बलराम नागेश (22 वर्ष) रविवार को स्कूटी से घूमने निकला था। जैसे ही युवक गुमाडांड़ मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन निजी वाहन से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मवेशी के हमले से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर**। मवेशी के हमले से गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरौल निवासी फूल कुवंर पति स्व. दयाराम (80 वर्ष) शनिवार को घर के सामने मवेशी को चारा खिला रही थी । इसी दौरान मवेशी ने वृद्धा पर हमला कर दिया। बैल के हमला करने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

## निधन

### दिलावर सिंह



**कोरबा**। कटघोरा निवासी कलजिंदर सिंह के 72 वर्षीय पिता दिलावर सिंह का हार्टअटैक आ जाने से निधन हो गया है। दिलावर सिंह की निधन की खबर सुनते ही कटघोरा नगर में शोक की लहर दौड़ गई क्योंकि दिलावर सिंह शुरू से ही हंसमुख व मिलनसार व्यक्ति के धनी रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार की प्रक्रिया उनके पुत्र कलजिंदर सिंह के द्वारा 10 मार्च को सुबह 10 बजे राधासागर स्थित मुक्तिधाम में की जावेगी।

# ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया गया आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में शनिवार को चावल उत्सव, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया।

आवास दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण के दौरान आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने हेतु विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों की जानकारी क्यूआर कोड आधारित प्रणाली के माध्यम से दी गई। ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मनरेगा के कार्य स्थलों पर आयोजित रोजगार दिवस के दौरान विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 से संबंधित पम्पलेट का वितरण कर इसके प्रावधानों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा रोजगार अधिकारों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### क्यूआर कोड स्कैन प्रणाली से दी गई योजनाओं की जानकारी

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचलों में पीएम आवास निर्माण के लिए चल रहा है विशेष अभियान




## महिला दिवस पर सामाजिक संगठनों ने आयोजित किए कार्यक्रम

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलो इंडिया अस्मिता लीग का हुआ आयोजन



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय महिला खेल उत्सव का आयोजन किया गया। 8 मार्च को वि.गृ.उ.मा.वि. क्रमांक 1 के खेल प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में खेलो इंडिया अस्मिता लीग एवं जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिताओं का निष्पादन किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना का विकास करना, शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना और जिले की उभरती महिला प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा।

आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती धनकुंवारी गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती राजपूत ने उपस्थित महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, लगन और धैर्य से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि यदि मेहनत और निष्ठा से प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य कदम चूमती है। कार्यक्रम के दौरान महापौर एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को शिल्ड एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिले की गौरवशाली बालिकाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है, जिनमें कु. लक्ष्मी कश्यप, कु. श्वेता केवट, कु. जिज्ञासा साहू, कु. नंदा सिंह कंवर, कु. हर्षू श्रीवास्तव और कु. नीती पटेल शामिल हैं। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दलीय खेलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें कबड्डी स्पर्धा में कोरबा महिला टीम ने विजेता और बालको महिला टीम ने उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। इसी प्रकार वॉलीबॉल में खेल अकादमी कोरबा प्रथम एवं एस.ई.सी.एल. वॉलीबॉल क्लब कोरबा द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो प्रतियोगिता में बालिका गृह 'अ' ने प्रथम व बालिका गृह 'ब' ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं रस्साकसी में कोरबा की टीम ने पाली की टीम को हराकर जीत दर्ज की। खेलो इंडिया अस्मिता लीग के अंतर्गत आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

### देहदान का संकल्प लेने वाली अनीता का किया सम्मान




भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने की। इस अवसर पर बाकीमोंगरा मंडल भाजपा की महामंत्री श्रीमती अनीता राजपूत द्वारा समाज और मानवता की सेवा के उद्देश्य से लिए गए देहदान संकल्प की सराहना करते हुए उनका विशेष रूप से सम्मान किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के द्वारा उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनीता राजपूत के इस महान संकल्प को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह की पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और लोगों को मानव सेवा के लिए जागरूक करती है। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने कहा कि देहदान का संकल्प मानवता की सर्वोच्च सेवा का प्रतीक है।

### प्रशांति वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ कार्यक्रम



नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रशांति वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्ग महिलाओं ने केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेट किया। इस दौरान महिला बुजुर्गों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने का उद्देश्य बताया गया। उन्हें बताया गया कि यह दिन महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका को पहचान देने को समर्पित है। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की भी जानकारी दी गई। कई और संस्थाओं ने भी प्रशांति वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया। गौरतलब है कि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम का संचालन 20 वर्षों से किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 27 महिला, पुरुष बुजुर्ग निवासरत हैं। संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का सरकारी अथवा गैर सरकारी अनुदान नहीं लिया जाता है। संस्था द्वारा स्वंय के स्रोत तथा जनसहयोग से वृद्धाश्रम का संचालन किया जाता है।

### खरवानी में जल अर्पण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम खरवानी में जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल अर्पण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूहों तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती गोदावरी राठौर ग्राम पंचायत के सरपंच घासी राम कंवर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन अभियंता रमन उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए जनजागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जल संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बनाया। इस अवसर पर ग्राम जल स्वच्छता समिति, स्व सहायता समूह तथा जल वाहिनी से जुड़ी महिलाओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### नशे के कारोबार पर कार्रवाई : तीन माह के लिए दो आरोपियों को जेल भेजने का आदेश

अम्बिकापुर। सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता प्राधिकारी सरगुजा संभाग तथा सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सोमवार को कार्यालय उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला सूरजपुर के द्वारा प्रस्तुत अपील के आधार पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत सुनवाई कर आरोपी महमूद अहमद उर्फ बबला ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर जिला सूरजपुर, अली अहमद पिता स्व अमीर बक्स निवासी ग्राम डगमला थारा रामानुजनगर जिला सूरजपुर, सिपाही लाल प्रजापति पिता बुधराम प्रजापति निवासी नारायणपुर थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर को थाना प्रभारी श्री अलरिक लकड़ा के साक्ष्य/आरोपी साक्ष्य एवं प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर सम्भागायुक्त न्यायालय से स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत दोषमुक्त करने निर्देशित किया है। वहीं संभागायुक्त श्री दुग्गा ने कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा/सूरजपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत सुनवाई कर आरोपी प्रदीप गाईन उर्फ मदन गाईन पिता स्व पुण्य चरण गाईन निवासी सुभाष नगर (होली क्रॉस के पीछे) थाना गांधीनगर जिला सरगुजा तथा राजू विश्वकर्मा पिता स्व गंगाराम निवासी ग्राम परी तहसील व थाना सूरजपुर जिला सूरजपुर को थाना प्रभारी सरगुजा/सूरजपुर के साक्ष्य एवं प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर तथा आरोपी द्वारा लगातार मादक पदार्थ का अवैध व्यापार करने के कारण स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 सहपठित धारा 10 के तहत दोनों आरोपियों को तीन माह के लिए जिला जेल सरगुजा/सूरजपुर में निरूद्ध करने के आदेश दिए हैं।




## अमेरा खदान से कोयला चोरी करते तीन पकड़े गए 8 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल प्रबंधन के निर्देश पर सुरक्षा दल निरंतर कर रहा गश्ती व धरपकड़ कार्रवाई

एसईसीएल क्षेत्र की खदानों से लगातार हो रही कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए कम्पनी प्रबंधन द्वारा सख्ती बरती जा रही है,इसी कड़ी में महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के निर्देश पर त्रिपुरा बटालियन और कंपनी के सुरक्षा अमले ने अमेरा खदान क्षेत्र में अभियान चलाया।

7 मार्च की रात प्रतिबंधित क्षेत्र में कोयला चोरी का प्रयास कर रहे लोगों की घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान तीन कोयला चोरों को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए,टीम ने मौके से 8 मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं।पकड़े गए आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम रजवार आ. अमरसाय रजवार और रवि दास पिता उलग दास, दोनों निवासी पुहपुटरा थाना लखनपुर, जिला सरगुजा के रूप में हुई है,पकड़े गए आरोपियों समेत 8 बाइक और बोरों में भरे कोयले को लखनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है,पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

बताया गया कि लखनपुर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में ग्रामीणों को आगे कर एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खदान और गायत्री खदान से रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कराई जा रही है, जिससे कंपनी और शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा गोकुलधाम कटघोरा में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मंच पर क्लब के सदस्यो के द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित कर उनके समाज, परिवार और विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह महिलाओं का सम्मान करे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे। महिलाओं के बिना समाज की प्रगति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति के रूप में उपस्थित श्री मति रेखा बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और उनकी उपलब्धियों को पहचानने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए, तभी समाज सशक्त और समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उपस्थित महिलाओं ने क्लब को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं और महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देते हैं इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ अजय धनोंदिया क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राकेश पाण्डेय, नरेंद्र अग्रवाल, प्रताप वाटवानी, अतुल मित्तल, आशीष अग्रवाल, अंकित सिंघल, विक्की राजपूत, भरत अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सुधीर पाण्डेय, अंकुर अग्रवाल, आयुष मित्तल, दीपक गर्ग, राकेश बंसल, हुकुमचंद अग्रवाल, नंद देवांगन, राजूदास दीवान, अजय श्रीवास्तव, शुभम मित्तल, दीपक बंसल सहित महिलाएं उपस्थित रही।

### डिवाइन ग्रुप दिया विस्तारक की सविता व नेहा सम्मानित



**कोरबा**। जिला पटेल समाज के द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे बहनों का समाज के द्वारा सम्मान किया गया। इस आयोजन में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद ईश्वर पटेल एवं उपाध्यक्ष राजकुमारी पटेल, आर.डी पटेल, महादेव पटेल, खुशबू पटेल समाज प्रमुख सदस्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मातृ शक्तियों का किया गया। इसी कड़ी में अखिल विश्व गायत्री परिवार दिया छत्तीसगढ़ विस्तारक कु सविता साहू एवं दिया डिवाइन ग्रुप कोरबा जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती नेहा सिंह को उनके द्वारा चलाए जा रहे दिया के माध्यम से समाज हित जनकल्याण के कार्यों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया गया।

### घर के समीप पानी भरे गड्ढे में गिरा मासूम, मौत

अम्बिकापुर। ग्राम सकालों निवासी मनीष देवनाथ का 1 वर्षीय पुत्र रौनक देवनाथ रविवार की दोपहर घर के सामने अकेले खेल रहा था। मनीष गांव में महर्षि विद्यालय में वेल्डिंग करने गया था जबकि पत्नी सहित परिवार के लोग घर में काम कर रहे थे। कुछ समय बाद मनीष की पत्नी बाहर निकली और बेटा को न देख खोजबीन करने लगी। इसी बीच जब घर के समीप गड्ढे में पास गई तो उसके होश उड़ गए। गड्ढे में मासूम का केवल पैर दिख रहा था जबकि सिर कीचड़ में धंसा था। मां ने तत्काल बेटा को बाहर निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल बालक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कमला नेहरू कालेज के विद्यार्थियों ने किया अमरकंटक का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय में अध्ययनरत पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने अमरकंटक का शैक्षणिक भ्रमण किया। एक ओर जहां उन्होंने हरे-भरे वनों एवं शुद्ध जलवायु के महत्व को नजदीकी से जाना, प्रकृति के बीच इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में 92 हजार पुस्तकों का विशाल संग्रह देख काफी उत्साहित हुए। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में यह दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम 6 एवं 7 मार्च को आयोजित किया गया। कमला नेहरू महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के सहायक प्राध्यापक रामकुमार श्रीवास के नेतृत्व में बीलिब और एमलिब एंड आईएससी के छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम श्री ज्वालेश्वर धाम, अमरकंटक स्थित धर्म स्थलों, विभिन्न शक्ति पीठों का दर्शन किया। सोन नदी उद्गम स्थल, माई की बगिया, भव्य जैन मंदिर, कपिल धारा, दूध धारा एवं मां नर्मदा के पवित्र उद्गम स्थल के आस-पास की मनोरम वादियों का आनंद उठाया। इस भ्रमण दल में प्रमुख रुप से सुरेंद्र कुर्रे, ओकेश्वर, देवेंद्र, राजेंद्र, संध्या कश्यप, नेहा जगत, आराधना, दुर्गेश्वरी, निकिता, कविता व साबी समेत अन्य शामिल रहे। इस अकादमिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक का भ्रमण किया। विशेषकर कैम्पस में स्थित प्रो. रामदयाल मुंडा सेंट्रल लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

क्राइम की खबरें



## देशी-विदेशी शराब दुकान बंद कराने पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**गेवरा-दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के गुरुनानक वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अविनाश सिंह लड्डु ने पाली रोड स्थित संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान को बंद किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ राकेश राठौर को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि दीपका के मुख्य मार्ग पाली रोड घनी आबादी में संचालित शराब दुकान के कारण आम नागरिकों, विशेषकर स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पाली रोड स्थित शराब दुकान के सामने आए दिन नशेड़ियों के बीच गाली-गलौज और वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है। कई बार आपसी विवाद आम जनता के बीच तक पहुंच जाता है, जिससे सड़क पर तनावपूर्ण माहौल बनता है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## चौहान विकास समिति ने मनाई रंगपंचमी



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ चौहान विकास समिति कोरबा के द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर चौहान सामाजिक भवन हेलीपेड मुडापार कोरबा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के अधिकाश लोग उपस्थित हुए। उपस्थित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों द्वारा एक दूसरे को रंग ग़ुलाल लगा कर होली की बधाई दी और सामज में एकता, सौहाद्र एवं भाईचारा बनाये रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संरक्षक नवधा चौहान, करमलाल चौहान, धर्मपाल सिंह, प्यारे लाल चौहान, पन्नालाल चौहान, अध्यक्ष जीवन लाल चौहान, उपाध्यक्ष रथ लाल चौहान, सचिव दिनेश चौहान, कोषाध्यक्ष शिव कुमार चौहान, मिडिया प्रभारी धनेश चौहान, समिति के सदस्य जोहन लाल चौहान, जवाहर चौहान, रुपेश कुमार सोनवानी,भागीरथी चौहान तरुण चौहान तथा समाज के अधिकाश लोग उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण




**कोरबा।** नवीन पाठ्यक्रम तथा एनईपी 2020 के तहत श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सिपेट में तीन दिवसीय प्रशिक्षण लिया गया। यह प्रशिक्षण कौशल उन्नयन कार्यक्रम के तहत दिया गया, जिसमें प्लास्टिक उत्पादकों के डिजाइन एवं निर्माण की बुनियादी जानकारी दी गई। साथ ही इस क्षेत्र में स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया। इस प्रशिक्षण से महाविद्यालय की 91 छात्राएँ लाभान्वित रहीं। पहले दिन राजीव कुमार लाइहरे ने प्लास्टिक सामग्री की उपयोगिता तथा प्लास्टिक के गलत तरीके से उपयोग के रोकथाम हेतु उपाय बताए। दूसरे दिन संजय बोधक द्वारा 3डी प्रिंटिंग तथा कैड, कैम सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे दिन नीतीश कुमार द्वारा छात्राओं को प्लास्टिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच हेतु लैब टेस्टिंग तथा प्रयोग में आने वाले उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भावेशभाई प्रजापति द्वारा प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण में उपयोग होने वाले प्रत्येक उपकरण की उपयोगिता, संचालन की विधि एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया। छात्राओं ने बड़े उत्साह एवं उत्सुकता से डिजाइनिंग तथा प्रोसेसिंग की पूरी प्रणाली की बारीकियों को जाना।

## पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ विवाद किया बल्कि जानलेवा हमला करने तथा पत्नी की मौत हो जाने पर लाश को ढक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब पास ही रह रहे पिता ने बेटा व बहू को न देख पत्नी को भेजा तो पता चला कि उसकी बहू का हत्या कर बेटा फरार है। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था।

# आंगनबाड़ी में बच्चों ने सुनाई एबीसीडी, कलेक्टर ने ताली बजाकर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने जब कलेक्टर कुणाल दुदावत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर निकले, तो ग्राम लेमरू में एक दिलचस्प और आत्मीय दृश्य देखने को मिला। सड़क किनारे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर नजर पड़ते ही कलेक्टर ने अपनी गाड़ी रुकवाई और अचानक केंद्र के भीतर पहुंच गए।

अचानक पहुंचे इस अपरिचित व्यक्ति को देखकर आंगनबाड़ी में मौजूद छोटे-छोटे बच्चे और कार्यकर्ता कुछ पल के लिए अचंभित रह गए। बच्चों के चेहरों पर कौतूहल था और कमरे में कुछ क्षणों के लिए खामोशी छा गई। बच्चों की झिझक को समझते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने मुस्कुराते हुए उनसे पूछा...आपमें से कौन ए, बी, सी, डी सुनाएगा? पहले तो कोई भी बच्चा कुछ बोलने को तैयार नहीं हुआ। तभी एक बच्चे ने धीमे से कहा, मुझे आता है, सब पता है...कलेक्टर ने उसे प्रोत्साहित करते हुए कहा..अगर आता है तो सुना दो। बच्चा फिर भी झिझकता रहा और बस यही दोहराता रहा कि उसे सब पता है। तब कलेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो बच्चा ए, बी, सी, डी सुनाएगा, उसे टॉफी मिलेगी। इतना सुनते ही एक बच्चे ने आत्मविश्वास के साथ पूरा ए, बी, सी, डी सुना दिया। बच्चे की इस कोशिश पर कलेक्टर ने "वेरी गुड" कहते हुए सभी बच्चों से ताली बजवाई और स्वयं भी तालियां बजाईं। कलेक्टर को मुस्कुराते और ताली बजाते देख बच्चों की झिझक दूर हो गई और उनके चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई। इसके बाद कलेक्टर ने बच्चों से रंगों के नाम भी पूछे और सही जवाब देने वाले बच्चों को टॉफी देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही अन्य बच्चों को भी मन लगाकर पढ़ने और सीखने के लिए प्रेरित किया।

### शासकीय योजनाओं की हकीकत देखने कलेक्टर का दौरा

**खास बात**

- महिला बाल विकास विभाग की पूरक पोषण आहार योजना की ली अधिकारियों से जानकारी



### भवन की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

कलेक्टर ने लेमरू में डीएमएफ मद से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरईएस, जनपद सीईओ और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने एक माह के भीतर सभी अधूरे कार्य पूर्ण करने तथा नए शैक्षणिक सत्र से नए भवन में आंगनबाड़ी का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शहर और ग्रामीण अंचलों के 50 स्कूलों को किया गया है डिस्मेंटल

# 113 जर्जर स्कूलों की जगह डीएमएफ से शुरु हुआ नए भवनों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जर्जर स्कूलों की जगह नए भवन बनाने का काम डीएमएफ की राशि से शुरु हो चुका है। लगभग 2 सौ जर्जर स्कूलों की जगह नए भवन की आवश्यकता को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा बीते वर्ष डीएमएफ की कमेटी को प्रस्ताव भेजा था जिसमें पहली सूची में 113 जर्जर स्कूल शामिल हैं। इनमें 50 स्कूलों को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन बनाए जाने का काम भी शुरु हो चुका है।

बारिश के दिनों में जर्जर स्कूलों में कक्षाओं का संचालन मुश्किल हो जाता था। छतों से रिसते पानी की वजह से स्कूल के फर्श गीले हो जाते थे। कई बार ऐसी स्थिति निर्मित होती थी कि 5 कक्षाओं को एक ही कमरे में बैठाना पड़ता था। ऐसे हालात जिला मुख्यालय से दूरस्थ अंचल में ही नहीं अपितु शहर के स्कूलों में भी नजर आते थे। पूर्व माध्यमिक शाला रिसदा ऐसा ही स्कूल था जो जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर होने के बावजूद वहां के स्टाफ और शिक्षकों को बारिश में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसी स्थिति शहर के कई और भी स्कूलों में नजर आयी। जिनमें पीडब्ल्यूडी प्राथमिक शाला एवं अंधरीकछार प्राथमिक शाला भवन प्रमुख रुप से शामिल हैं जो जिला मुख्यालय के 1 किलोमीटर की परिधि में ही संचालित हैं। ग्रामीण अंचल के स्कूलों में तो छज्जा गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे जर्जर स्कूलों के हालात सुधारने के लिए नए भवन निर्माण की कार्ययोजना बनी लेकिन स्थान कम होने की वजह से पुराने भवन को डिस्मेंटल करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग से ऐसे स्कूलों की जानकारी मांगी गई जो पूरी तरह जर्जर हो चुके थे। विभाग ने अपनी ओर से 113 स्कूलों की सूची भेजी। जिसमें 50 स्कूलों को डिस्मेंटल कर दिया गया है।

**खास बात**

- डीएमएफ को शिक्षा विभाग ने 2 सौ स्कूलोंका भेजा था प्रस्ताव



अंधरीकछार स्कूल का तैयार हो रहा नया भवन।

### मरम्मत के भी हो रहे हैं कार्य

जिन स्कूलों को मरम्मत की आवश्यकता थी उन स्कूलों के मरम्मत कार्य भी पूरे हो चुके हैं। स्कूल भवन के साथ जर्जर शासकीय भवन के भी मरम्मत कार्य चल रहे हैं। शहरी बीआरसी के साथ ग्रामीण बीआरसी भवन का भी मरम्मत के काम 6 लाख की लागत से किए गए हैं। कोरबा विकासखंड के दोनों बीआरसी भवन के मरम्मत के काम को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया था।

### निर्माण कार्य शुरु हो चुका है

जर्जर स्कूल भवन के डिस्मेंटल के कार्य चल रहे हैं। 113 स्कूलों के लिए नए भवन बनेंगे। जिनमें से कुछ स्कूलों के निर्माण कार्य शुरु कर दिए गए हैं। इनके लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत की गई है।

**-टी पी उपाध्याय,** डीईओ

### अतिरिक्त कमरों के निर्माण में लगी है रोक

स्कूल परिसर में जगह की कमी को देखते हुए अब अतिरिक्त कमरे नहीं बनाए जा रहे हैं। पूर्व में जर्जर स्कूलों में बच्चों की बैठक व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जा रहा था। इनमें प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण भी शामिल था। मीडिल और प्राइमरी स्कूल में ही अतिरिक्त कमरों के निर्माण की कार्ययोजना बनी थी लेकिन अब स्कूलों में जगह की कमी की वजह से अतिरिक्त कमरों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है।

## हिंदू नववर्ष पर चौक चौराहों में रहेगी पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी दोनों हिन्दू संगठनों द्वारा कोसाबाड़ी से टीपीनगर तक शोभायात्रा व झांकियां निकालेगा। इस दौरान भीड़भाड़ के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पुलिस ने तैयारी शुरु कर दी है। शहर के हर चौक चौराहों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी।

जिले में 19 मार्च को धूमधाम से हिन्दू नववर्ष मनाया जाएगा। हिंदू नववर्ष के कार्यक्रम के लिए सुरक्षा तैयारी में जुट गई है। शोभायात्रा व झांकियों के दौरान जहां भीड़ में शामिल लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, दूसरी ओर शहर में यातायात व्यवस्था भी बाधित न हो, इसके लिए रूट चार्ट भी तैयार किया जा रहा है। अब तक की तैयारी के हिसाब से आयोजन के दौरान लगभग 5 सौ से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। चौक-चौराहों पर पुलिस व यातायात के जवान तैनात किए जाएंगे। भीड़ पर निगरानी के लिए मचान बनाकर हाई रेंज बाइनाकूलर कैमरा से निगरानी की जाएगी, इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी होगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी व उनकी पूरी टीम द्वारा शहर में हिंदू नववर्ष पर अलग-अलग संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विशेष तैयारी कर रही है। भीड़भाड़ के दौरान चौक-चौबंद सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। वहीं इस दिन ज्यादातर युवा अपने मोटर साइकिल का साइलेंसर निकालकर फर्राटे मारते हैं जिसकी वजह से आमजनों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- 19 मार्च को उल्लास के साथ मनाया जाएगा हिंदू नववर्ष
- शहर के दोनों छोर से निकलती है भव्य शोभायात्रा

## महतारी वंदन योजना से ब्रज बाई के जीवन में आई नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता

**कोरबा।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में भी आगे बढ़ रही हैं।कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसमा की निवासी श्रीमती ब्रज बाई भी इस योजना का लाभ लेकर अपने जीवन में नया आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। योजना के तहत मिलने वाली राशि ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को काफी हद तक सुदृढ़ किया है। ब्रज बाई के पति श्री संतू राम अपने पांच सदस्यीय परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करते हैं। सीमित आय के कारण पहले परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी कठिन हो जाता था, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से घरेलू खर्चों को संभालना अपेक्षाकृत आसान हो गया है। हितग्राही ब्रज बाई बताती हैं कि इस सहायता राशि से वे घर के लिए राशन, दवाइयां और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं।

# अभी भी उपार्जन केंद्रों में जाम है ढाई लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के एक माह से अधिक का समय गुजरने के बाद भी विपणन विभाग सभी केंद्रों से पूरी तरह धान का उठाव नहीं करा सका है। स्थिति यह है कि अभी भी धान उपार्जन केंद्रों में ढाई क्विंटल धान उठाव के इंतजार में पड़ा हुआ है। जबकि बैठक के दौरान राइस मिलरों को 10 मार्च तक उठाव के लिए मोहलत दी गई थी। सबसे ज्यादा चिंता हाथी प्रभावित उपार्जन केंद्रों में बनी हुई है। कुदमुरा घटना के बाद हाथी प्रभावित उपार्जन केंद्र के फड़ प्रभारियों में दहशत व्याप्त है।

जिले में इस वर्ष 29 लाख 72 हजार क्विंटल धान खरीदा गया था। 15 नवंबर से लेकर 5 फरवरी तक चली खरीदी की प्रक्रिया को एक माह पूरा हो चुका है लेकिन उठाव की गति पिछले वर्ष की तुलना में रफ्तार नहीं पकड़ सकी है। रीदी से ठीक पहले हाथी समस्या पर न केवल मंथन किया गया बल्कि खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव करने के निर्देश प्रशासन ने दिए। इस बीच सुरक्षा के चक्कर में कुदमुरा उपार्जन केंद्र के प्रभारी राजेश राजपूत की हाथी हमले में मौत हो गई। जिले में 49 समितियों के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्र बनाए गए जहां पर संबंधित गांवों के किसानों का पंजीकरण किया गया। गिरदावरी और रकवा सत्यापन के बाद कई प्रकार की अड़चनों के बीच उन्हें अपने उत्पाद को बेचने की सुविधा मिल सकी। इसके बाद चुनौतियों का सामना करते हुए किसानों को उपज का मूल्य मिल सका। दूसरी और असली समस्या उपार्जन केंद्रों के सामने बना हुआ है। वहां पर धान का उठाव काफी सुस्त चाल से मार्कफेड करा रहा है। राइस मिलर्स पर न तो डीएमओ के निर्देश का असर हो रहा है। अभी की स्थिति में श्यांग उपार्जन केंद्र में 12 हजार क्विंटल, बरपाली में 9 हजार, चिर्रा में 3 हजार क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। वहीं चचिया में एक ट्रिप की मात्रा उठाव के लिए मिलर्स की प्रतीक्षा कर रही है। यही हाल हाथी प्रभावित सिरमिना और कोरबी सहित अन्य उपार्जन केंद्र भी चिंतित है कि उनके यहां धान की बची मात्रा का उठाव आखिर कब तक हो सकेगा। ऐसे में बकाया उठाव हो सकेगा, इस पर संशय है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले की अनेक समितियों में कुल 2 लाख 48 हजार क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। यह मात्रा कुल खरीदी गई धान के मुकाबले 10 फीसदी बताई जा रही है। दावा किया गया कि 90 फीसदी मात्रा का उठाव मिलर्स की ओर से कर दिया गया है।

**खास बातें**

- 10 मार्च तक उठाव की मोहलत दी थी कलेक्टर ने
- हाथी प्रभावित केन्द्रों में भय का वातावरण



समितियों में रखा धान।

## ग्रामीण के घर पुलिस की दबिश 50 पाव देशी व 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले एक ग्रामीण के घर में पुलिस ने छापामारी की। जहां उसके कब्जे से 50 पाव देशी व 8 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में मुखबीर से सूचना पर कोरबी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी ने अपनी टीम के साथ ग्राम सिरमिना बाबूपारा निवासी सुमित यादव के घर में छापेमारी की कार्रवाई की जहां सुमित यादव के घर से पुलिस ने 50 पाव देशी मदिरा शराब व 8 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई जनसमस्याएं

# मकानविहीन हितग्राहियों को पीएम आवास कॉलोनी में दिलाएं आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दूरस्थ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे आवेदकों ने बारी-बारी से अपने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सके।

जनदर्शन में बालको के दिव्यांग प्रदीप कुमार राठौर ने नए ट्राइसाइकिल प्रदान करने का आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने उप संचालक समाज कल्याण को निर्देश दिए कि जनदर्शन में आने वाले ट्राइसाइकिल और सहायक उपकरण की आवश्यकता वाले सभी दिव्यांगों के आवेंदनो पर तुरंत कार्यवाही की जाए। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र से छूटे दिव्यांगों का प्रमाण पत्र बनवाने में भी पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि जिले में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त सभी दिव्यांगों से संपर्क कर उनकी स्थिति जानी जाए, मरम्मत योग्य ट्राइसाइकिलों को शीघ्र मरम्मत कराए जाएँ और नए ट्राइसाइकिल आवश्यकतानुसार प्रदान किए जाएँ। आवेदक विपेंद्र कुमार राठौर ने अपने पुत्र देवांश राठौर के हृदय में छेद की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इसी प्रकार लक्ष्मी देवी मांझी ने अपने पुत्र दक्ष मांझी के हृदय वाल्व संबंधी गंभीर बीमारी के उपचार हेतु मदद का निवेदन किया। संतोष मानिकपुरी ने अपने टेट्रा प्लेजिया रोग के बेहतर इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की मांग की। बालको निवासी तारा सोनी एवं अन्य आवेदकों ने अपने मकान न होने की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के तहत आवास प्रदान करने की मांग की।



समस्या सुनते कलेक्टर।

